18 June 2025_Copy of Layout 1 6/18/2025 1:11 PM Page 1


# दैनिक नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*


पेज-07

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 349 | देहरादून, बुधवार 18 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### भीषण सड़क हादसे में कार चालक की मौत, तीन घायल

**रामनगर।** मंगलवार की सुबह चिल्किया मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्विफ्ट डिजायर कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कार में सवार सभी लोग दिल्ली से अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया जा रहे थे। कार सवार सभी चौखुटिया निवासी विक्रम सिंह के पिता के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।
मिली जानकारी के अनुसार, विक्रम सिंह ने अपने परिवार के लिए दिल्ली से स्विफ्ट डिजायर कार बुक की थी,कार में उनके साथ उनकी बहन सुनीता और रिश्तेदार जगत सिंह भी सवार थे। दुर्घटना में कार चालक नरेंद्र सिंह, निवासी गैरसैंण की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी, गंभीर रूप से घायल विक्रम सिंह, सुनीता और जगत सिंह को रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### ग्राफिक एरा ने किया अस्थि कैंसर का उपचार, अत्याधुनिक तकनीकों से शानदार सफलता

**देहरादून।** ग्राफिक एरा के विशेषज्ञों ने 15 वर्षीय युवक के हुए कंधे के अस्थि कैंसर (हाई ग्रेड ऑस्टियोसारकोमा) का सफलतापूर्वक उपचार करके उसके हाथ को बचाया। युवक बीते छः महिने से दायें कंधे में दर्द और सूजन की शिकायत लेकर ग्राफिक एरा पहुंचा था। डाक्टर ने जांच की तो पता चला की एक ट्यूमर कंधे की हड्डी (प्रॉक्सिमल ह्यूमरस) से होकर कंधे के जोड़ (ग्लेनोह्यूमरल ज्वांट) तक फैल चुका था। ट्यूमर ने नसों एवं रक्त वाहिकाओं को भी घेर रखा था। इसकी बायोप्सी में कॉन्ड्रोब्लास्टिक हाई ग्रेड ऑस्टियोसारकोमा की पुष्टी हुई। रोग की गंभीरता को देखते हुए विशेषज्ञों की टीम ने बिना किसी देरी के पहले किमोथेरेपी और फिर सर्जरी का निर्णय लिया। अत्याधुनिक थ्री–डी प्लानिंग की सहायता से इस ऑपरेशन को किया गया।

# साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए केंद्र से 63.60 करोड़ का सीएम ने किया अनुरोध

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर राज्य के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों के दृष्टिगत केंद्रीय गृह मंत्री से देहरादून में "साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" की स्थापना के लिए 63.60 करोड़ रुपये की धनराशि की स्वीकृति का अनुरोध किया है।

यह सेंटर डिजिटल अपराधों की रोकथाम, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, साइबर फोरेंसिक और आधुनिक संसाधनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को राज्य की विद्युत अधोसंरचना को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति पर चर्चा करते हुए अवगत कराया कि छोटे हिमालयी राज्यों की भौगोलिक विषमताओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण परिसंपत्तियों को एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के तहत क्षतिपूर्ति के दायरे में लाया जाए। इससे राज्य का आपदा प्रबंधन तंत्र और अधिक प्रभावी व सशक्त होगा। मुख्यमंत्री ने सितारगंज केंद्रीय कारागार के विस्तार के प्रस्ताव पर 150.16 करोड़ रुपये की लागत से शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से सफलतापूर्वक आयोजित उत्तराखण्ड ग्लोबल इनवेस्टर समिट–2023 का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य ने 3.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### विद्युत परिसंपत्तियों को एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के तहत क्षतिपूर्ति के दायरे में लाने का आग्रह

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की भेंट



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री से रानीखेत और लैंसडाउन छावनी क्षेत्र को नगर पालिकाओं के साथ विलय करने का अनुरोध किया। जिससे इन क्षेत्रों में पर्यटन एवं जनसुविधाओं के समग्र विकास में सहयोग मिलेगा। धारचूला और जोशीमठ के सैन्य हेलीपैड को आरसीएस हवाई सेवा के अंतर्गत उपयोग करने के लिए अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया। राज्य के आपदा एवं राहत कार्यों के लिए भारतीय वायुसेना की सेवाओं के लिए देय शुल्क को माफ किये जाने का भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया।
मुख्यमंत्री ने ग्वालदम से नंदकेसरी होते हुए थराली देवाल–मुन्दोली–वाण मोटर मार्ग के रख–रखाव एवं अनुरक्षण का कार्य भविष्य में भी लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जाने का अनुरोध केन्द्रीय रक्षा मंत्री से किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क मार्ग राज्य की महत्वपूर्ण नंदा देवी राजजात यात्रा का मुख्य मार्ग है।

# राज्यपाल ने राष्ट्रपति निकेतन के सौंदर्यीकरण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजपुर रोड़ स्थित राष्ट्रपति निकेतन में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण आगामी 19 से 21 जून को माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत किया गया। गौरतलब है कि 132 एकड़ भूमि में विकसित किए जा रहे इस अत्याधुनिक सार्वजनिक पार्क की आधारशिला माननीय राष्ट्रपति जी द्वारा रखी जाएगी। यह पार्क एक वर्ष की अवधि में पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। राष्ट्रपति निकेतन को 24 जून से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। 21 एकड़ में फैले राष्ट्रपति निकेतन पहले जिसे राष्ट्रपति आशियाना के नाम से जाना जाता था। इस विरासत भवन में कलाकृतियों के संग्रह के साथ ही आगंतुकों को लिलि तालाब, रॉकरी तालाब, रोज गार्डन आदि देखने को मिलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति तपोवन को भी आम लोगों के लिए समर्पित किया जाएगा। 19 एकड़ में फैले तपोवन में देशी वृक्षों की कैनोपी, घुमावदार पगडंडियां, लकड़ी के पुल और चिंतन व ध्यान के लिए शांत स्थान मौजूद हैं। राज्यपाल ने निर्माण एजेंसियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूरी की जाएँ, ताकि माननीय राष्ट्रपति के आगमन पर समस्त व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रूप से प्रस्तुत की जा सकें। राज्यपाल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि माननीय राष्ट्रपति उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात देने वाली हैं। यह पहल उनके उत्तराखण्ड की जनता के प्रति विशेष स्नेह और जुड़ाव का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने परिसर में चल रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरुगेशन, ए. पी. अंशुमान, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, निदेशक राष्ट्रपति सचिवालय स्वाति शाही, जिलाधिकारी सविन बंसल, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।


राष्ट्रपति निकेतन के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण करते राज्यपाल।

18 June 2025_Copy of Layout 1 6/18/2025 1:11 PM Page 2



# संपादकीय

## कर्नाटक के कुछ हिस्सों में रेड अलर्ट!

दक्षिण–पश्चिम मानसून के जोर पकड़ने के साथ ही, बेंगलुरु और कर्नाटक के अधिकांश हिस्सों में बारिश से भीगा हुआ सप्ताह देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विभाग (प्डक) ने रविवार को मौसम संबंधी कई अलर्ट जारी किए, जिसमें तटीय क्षेत्र के कुछ हिस्सों के लिए रेड अलर्ट और बेंगलुरु शहरी क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट शामिल हैं। आईएमडी ने अगले चार दिनों तक कर्नाटक में लगातार बारिश और तेज हवाओं का अनुमान जताया है। तटीय और आंतरिक जिलों के निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, खासकर रेड और ऑरेंज अलर्ट वाले इलाकों में। कुछ इलाकों में हवा की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की उम्मीद है। दक्षिण कन्नड़, उत्तर कन्नड़, उडुपी, चिकमगलुरु, कोडागु और शिवमोग्गा के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जो अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देता है। कर्नाटक में भारी वर्षा को लेकर दक्षिण कन्नड़ क्षेत्र के लिए जारी 'रेड अलर्ट' के बीच मूसलधार बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। पिछले 24 घंटे में जिले में सामान्य से दोगुनी से भी अधिक बारिश दर्ज की गई जिससे कई स्थानों पर जलभराव, घरों को नुकसान और बुनियादी ढांचे को भारी क्षति पहुंची है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नेत्रावती नदी पर बने थुम्बे बांध के सभी 28 गेट खोल दिए गए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे जारी स्थिति रिपोर्ट के अनुसार जिले में पिछले 24 घंटे में औसत 80.3 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि सामान्य वर्षा 35.0 मिलीमीटर होती है जिसके चलते सामान्य जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। मूडबिद्री तालुक में सर्वाधिक 111.1 मिलीमीटर और सुल्लिया में 100.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे में जिले में भारी वर्षा के चलते 10 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वर्षा के चलते अप्रैल से अब तक कुल 82 घर पूरी तरह से और 768 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इसी प्रकार पहली अप्रैल से अब तक जिले में भारी वर्षा के चलते पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

# शहीद राइफलमेन नरेश उनियाल स्मृति द्वार का मंत्री गणेश जोशी ने किया उद्घाटन



स्मृति द्वार के उद्घाटन अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने वर्ष 1988 में ऑपरेशन मेघदूत के दौरान शहीद हुए राईफलमेन नरेश उनियाल की स्मृति में निर्मित द्वार का उद्घाटन किया।

देहरादून के सहस्त्रधारा रोड़ स्थित गुजराड़ा गांव में शहीद द्वार के उद्घाटन अवसर पर सुबे के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीद द्वार के निर्माण के लिए गुजराड़ा जनकल्याण समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं नरेश उनियाल की बहादुरी को अच्छी तरह से जानता हूं क्योंकि हम दोनों एक ही बटालियन (14 गढ़वाल राईफल) में थे। वे एक जांबाज सिपाही थे। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि वह मेरे पारिवारिक मित्र थे और हम दोनों एक ही पल्टन में सिक्किम इत्यादि स्थानों पर एक साथ तैनात रहे। उन्होंने कहा कि शहीद फुटबाल का अच्छे खिलाड़ी थे। मंत्री ने कहा कि शहीद की याद में प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाऐगा। उन्होंने सैनिक कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि शहीदों के सम्मान में सैन्यधाम का निर्माण किया जा रहा है। जहां देश के लिए अपना बलिदान देने वाले वीर सैनिकों का नाम अंकित किया जाएगा। केन्द्र में मोदी सरकार और प्रदेश में धामी सरकार द्वारा सैनिकों के सम्मान एवं कल्याण में कई प्रभावशाली कदम उठाए गए। विदित हो कि अक्टूबर 1988 में सियाचिन ग्लेशियर में "ऑपरेशन मेघदूत" चलाया गया था, जिसमें हमारे जांबाज सैनिक नरेश उनियाल 17 अक्टूबर, 1988 को शहीद हो गए थे और उन्हीं की स्मृति में गुजराड़ा जनकल्याण समिति द्वारा इस भव्य शहीद स्मृति द्वार का निर्माण किया गया है। जब नरेश उनियाल शहीद हुए थे, तब वे अपने पीछे तीन भाईयों, पत्नी एवं अपनी एक माह की पुत्री को छोड़ गए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और शहीद नरेश उनियाल ने एक साथ सेना में देशसेवा की और आज उनके साथी राईफलमैन गणेश जोशी, जो वर्तमान में सरकार में सैनिक कल्याण मंत्री हैं, वह अपने साथी राईफलमैन शहीद नरेश उनियाल की स्मृति में निर्मित शहीद द्वार का उद्घाटन कर रहे हैं।

# बच्चे हर देश के सुनहरे भविष्य की नींव है,आओ उन्हें मज़दूर नहीं शिक्षित बनाएं



**भारत में बाल श्रम रोकने में श्रम विभाग,बाल संरक्षण विभाग, पोलिस,मानव तस्करी विरोधी विभाग, की सक्रियता में कमी का संज्ञान पीएम को लेना ज़रूरी**

**गोंदिया।** वैश्विक रूप से यह देखा गया है कि अनेक कमर्शियल संस्थानों,औद्योगिक संस्थानों, दवा उद्योग, खेत खलियानों गृहउद्योग, इत्यादि अनेक व्यवसायिक क्षेत्रों में छोटे–छोटे बच्चों से श्रम करवाया जाता है,क्योंकि उन क्षेत्रों में कामों के लिए यह छोटे–छोटे बच्चे आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और अपेक्षाकृत रोजी या मजदूरी भी इनकी कम होती है, और डेली वेजेस के रूप में रखकर आसानी से अपना काम करवा लेते हैं। दूसरी तरफ हम अनेक चौराहों, बाजारों, हाट बाजारों, में हमने छोटे–छोटे बच्चों को अकेले या अपने मातापिता के साथ खिलौने, खाद्य पदार्थों इत्यादि बेचने को देखते रहते हैं।अनेक बड़ी या छोटी सिटीओ में तो ट्रैफिक सिग्नल चौराहों स्टेशनों, बूथों पर अक्सर यह छोटे बच्चे भीख मांगते,सामान बेचते,हमें दिखते रहते हैं। यह नजारा हर छोटी बड़ी सिटी के चौराहों पर आसानी से देखने को मिलता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र बाल श्रम उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित करते हुए कहा कि 2025 तक इस प्रथा को समाप्त करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई कीआवश्यकता है। आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 12 जून 2025 को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून 2025–बच्चों को मजदूरी नहीं शिक्षा दिलाएं जो सामाजिक आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक क्षेत्रों का सशक्त उपकरण व रोजगार का अस्त्र है।

साथियों बात अगर हम 2025 तक बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लक्ष्य की करें तो,विश्व बाल श्रम निषेध दिवस, जिसे हर साल 12 जून को मनाया जाता है,अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) द्वारा बाल शोषण के गंभीर मुद्दे को उजागर करने और इसे मिटाने के प्रयासों को संगठित करनेके लिए शुरू की गई एक वैश्विक पहल है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2025 और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह आइएलओ और यूनिसेफ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए बाल श्रम पर नए वैश्विक अनुमानों और रुझानों के जारी होने के साथ मेल खाता है।यह महत्वपूर्ण डेटा वैश्विक नीतिगत बहसों का मार्गदर्शन करेगा और सतत विकास लक्ष्य लक्ष्य 8.7 को प्राप्त करनेकी दिशामें प्रयासों को फिर से सक्रिय करेगा।2025 तक सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने का एक लक्ष्य रखा गया है।संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, सभी देशों को 2025 तक बाल श्रम को समाप्त करने का लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 8.7 में शामिल है, जो सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने के लिए तत्काल और प्रभावी उपाय करने का आह्वान करता है।कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशनबाल अधिकारों पर लगातार काम कर रहा है फांडेशन की ओर से बाल मजदूरी पर एक जानकारी दी गई है, इसमें बाल मजदूरी से संबंधित कई जानकारी दी गई है,जनगणना 2011 के डेटा के अनुसार, भारत में बाल मजदूरों की संख्या 1.01 करोड़ (10.1 मिलियन) है,

इसमें से 0.560 करोड़ (5.6 मिलियन) लड़के और 0.45 करोड़ (4.5 मिलियन) लड़कियां हैं,वहीं हाल के वैश्विक अनुमान के अनुसार 2020 की शुरुआत में वैश्विक स्तरपर 16 करोड़ (160 मिलियन) बच्चे– 6. 300 करोड़ (63 मिलियन) लड़कियां और 9.700 करोड़ (97 मिलियन) लड़के – बाल श्रम में थे, जो दुनिया भर में सभी बच्चों में से लगभग 10 में से 1 है,भारत भर में बाल मजदूर कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्रों जैसे ईंट भट्टों, कालीन बुनाई, परिधान निर्माण, घरेलू सेवा, खाद्य भोजनालयों, गन्ना खेतों, मत्स्य पालन और खनन में पाए जा सकते हैं. बच्चों को यौन शोषण और बाल पोर्नोग्राफी के उत्पादन सहित कई अन्य प्रकार के शोषण का भी खतरा है।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत में भी अनेक बाल श्रमिक हैं। और बाल श्रमिकों की तेजी से संख्या भी बढ़ रही है हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों ने इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है परंतु बाल श्रम रोकने में श्रम विभाग,बाल संरक्षण विभाग,पोलिस, मानव तस्करी विरोधी विभाग, बाल अधिकार आयोग, की सक्रियता में कमी का संज्ञान पीएम को लेना जरूरी। गली – मोहल्ले के बच्चे – कूड़ा बीनने वाले, अखबार और फेरी लगाने वाले और भीख मांगने वाले।बंधुआ बच्चे – वे बच्चे जिन्हें या तो उनके माता–पिता ने पैसों की खातिर गिरवी रखा है या जो कर्ज को चुकाने के चलने मजबूरन काम कर रहे हैं।वर्किंग चिल्ड्रन – वे बच्चे जो कृषि में और घर–गृहस्थी के काम में पारिवारिक श्रम का हिस्सा हैं।यौन शोषण के लिए इस्तेमाल किए गए बच्चे – हजारों बालिक बच्चे और नाबालिक लड़कियां यौन शोषण की जद में हैं।घरेलू गतिविधियों में लगे बच्चे – घरेलू सहायता के रूप में काम। इसमें लड़कियों का शोषण सबसे ज़्यादा है – बच्चे छोटे भाई–बहनों की देखभाल, खाना पकाने, साफ–सफाई और ऐसी अन्य घरेलू गतिविधियों में लगे हुए हैं। हालांकि इन गतिविधियों को रोकने के लिए भारत में अनेक कानून कायदे बने हैं जैसे कि,खदानअधिनियम1952–18 साल से कम आयु वाले बच्चों को खदानों में काम करने पर प्रतिबन्ध लगाता है परंतु मेरा मानना है कि संबंधित विभाग शायद इस और ध्यान नहीं दे पा रहा है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून 2025–आओ बच्चों को मजदूरी नहीं शिक्षा दिलाएं जो सामाजिक आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक क्षेत्रों का सशक्त उपकरण व रोजगार का अस्त्र है,बच्चे हर देश के सुनहरे भविष्य की नींव है,आओ उन्हें मजदूर नहीं शिक्षित बनाएं,भारत में बाल श्रम रोकने में श्रम विभाग,बाल संरक्षण विभाग,पोलिस, मानव तस्करी विरोधी विभाग, बाल अधिकार आयोग, की सक्रियता में कमी का संज्ञान पीएम को लेना जरूरी है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

18 June 2025_Copy of Layout 1 6/18/2025 1:11 PM Page 3



# राज्यपाल ने कांवड़ यात्रा, कुम्भ मेला व हरिद्वार में संचालित विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी ली

**देहरादून/हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) डाम कोठी हरिद्वार पहुँचकर कांवड़ यात्रा, कुम्भ मेला तथा जनपद में संचालित विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

राज्यपाल ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा जनपद टिहरी में महिलाओं का एनिमिक सर्वे कराने सहित किये गये विभिन्न कार्यों की प्रशंसा करते हुए निर्देश दिये कि उसी तर्ज पर हरिद्वार हरिद्वार के चहुँमुखी विकास हेतु नवाचार के कार्य किये जायें। उन्होंने केन्द्र सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों की ऑन ग्राउण्ड प्रजेंटेशन तैयार कराने का टास्क जिलाधिकारी को दिया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी कांवड़ यात्रा तथा कुम्भ मेले के सफल संचालन हेतु कांवड़ यात्रा को प्रोफेशनली डील किया जाये तथा यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था एवं भावनाओं को फोटो एवं



राज्यपाल अधिकारियों से जानकारी लेते हुए।

वीडियोग्राफ के माध्यम से अंकित किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग की चर्चा न होकर कांवड़ यात्रा तथा हरिद्वार के महत्व की चर्चा पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि कांवड़ दर्शन के रूप में कांवड़ यात्रा महत्व आदि के बारे में बताया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि यात्रा से जुड़ी सभी जानकारियां तथा पहलुओं को जनता तक पहुँचाया जाये ताकि गलत व्यक्तियों को बोलने का मौका न मिले। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुम्भ मेले के दौरान एसडीआरएफ की टीम द्वारा अच्छी कार्य शैली का उदाहरण पेश किया गया था, उनके अनुभव साझा किये जाये। राज्यपाल ने कहा कि हरिद्वार पौराणिक एवं धार्मिक आस्था का गढ़ हैं, इसके चहुँमुखी विकास हेतु दूरगामी सोच रखते हुए स्थायी प्रकृ ति के कार्यों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाये ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि जनपद को धार्मिक आस्था के साथ ही अर्थव्यवस्था के हब के रूम में भी विकसित किया जाये।

राज्यपाल ने मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों हेतु शुरू किये गये आंगनवाड़ी सुपर स्टार के लिए सीडीओ की प्रशंसा। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्टिंग के प्रति जनता को जागरूक किया जाये ताकि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार न हो। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था की जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने वन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली।

## बस और लोडर की भीषण टक्कर तीन की मौत, 14 घायल

**देहरादून।** पछवादून में सोमवार सुबह एक यात्री बस और लोडर वाहन की जोरदार टक्कर हो जाने से जहां तीन लोगों की मौत हो गयी, वहीं 14 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से मृतको व घायलो को अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलो की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उन्हे हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह एक यात्री बस देहरादून से विकासनगर की ओर जा रही थी। इस दौरान जब बस सेलाकुई क्षेत्रांर्तगत शेरपुर गांव के निकट पहुंची तो अचानक एक लोडर वाहन सामने आ गया। जिससे दोनो वाहन अनियत्रित होकर आपस में टकरा गये। स्थानीय लोगों का कहना है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनो वाहनों के परखच्चे उड़ गये। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि 14 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है।

# मंगलवार से दोबारा शुरू होगी हेली सेवा, 22 जून के बाद अगली बुकिंग पर रोक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ में विगत दिनों हुए हेलीकॉप्टर हादसे के बाद दो दिन तक रोकी गई चारधाम हेलीकॉप्टर सेवा अब मंगलवार से फिर से शुरू होने जा रही है।

प्रशासन और डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) की संयुक्त समीक्षा के बाद सेवाओं को पुनः बहाल करने की अनुमति मिल गई है। हालांकि बताया जा रहा है कि यह सेवा अभी सिर्फ 22 जून तक ही चलेगी। वहीं अब उड़ानों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में केदारनाथ घाटी के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग केवल 22 जून तक के लिए ही की गई है. ।मौसम और क्षेत्रीय हालात को देखते हुए 22 जून के बाद की बुकिंग पर अभी रोक है। यात्रा को सुगम बनाने के लिए हवाई सेवा को मॉनसून के बाद फिर दोबारा 15 सितंबर से शुरू किया जाएगा। फिलहाल किसी भी नई बुकिंग की अनुमति नहीं दी गई है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मॉनसून सीजन में हेलीकॉप्टर सेवाएं असुरक्षित हो जाती हैं। इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है। बता दें कि चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवा विशेष रूप से बुजुर्ग, बीमार और समय की कमी वाले यात्रियों के लिए अहम होती है। विगत रविवार को केदारनाथ जा रहा हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के जंगलों में क्रैश हो गया था। . इस हादसे में कुल 7 लोगों की मौत हो गई है। केदारनाथ में हुए हेलीकॉप्टर हादसे से यात्रा सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई थी।

# शराब के नशे में हुड़दंग मचा रहे तीन गिरफ्तार, दो वाहन सीज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** शराब के नशे में हुडदंग मचा रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने वाहनों को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुडदंग मचाने, रैश ड्राइविंग/स्टंट ड्राइविंग करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके सम्बन्ध में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में लगातार ऐसे अभियुक्तों के विरूद्ध अभियान चलाते हुए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो जिसमे कुछ युवक शराब के नशे में कार के बोनट पर बैठकर हुडदंग




पकड़े गए आरोपी।

मचाते हुए दिखाई दे रहे हैं का स्वतः संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा आरोपियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बन्धित प्रभारी को निर्देश दिये गये। वीडियो के सम्बन्ध में जानकारी करने पर वीडियो मसूरी क्षेत्र का होने के सम्बन्ध में जानकारी मिली। वीडियो में दिख रहे वाहनों के नम्बरों से उनके मालिकों के सम्बन्ध में जानकारी करते हुए घटना में सम्मिलित तीनों युवकों को मय वाहन थाने पर बुलाया गया। जहां तीनों को हिरासत मे लेते हुए घटना में प्रयुक्त 02 वाहनों को सीज किया गया। अभियान लगातार जारी है।

# युवा सपनों की तासीर बदल रही देवभूमि उद्यमिता योजना, 26274 छात्र-छात्राओं ने उद्यमिता योजना में किया पंजीकरण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में देवभूमि उद्यमिता योजना युवा सपनों की तासीर बदल रही है। राज्य सरकार की पहल पर शुरू की गई इस योजना के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो रहा है। जिससे छात्र–छात्राओं की व्यावसायिक सोच विकसित हो रही है। योजना के तहत अब तक 26247 छात्र–छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया है जबकि प्रशिक्षण के उपरांत 965 छात्रों ने अपने उद्यम स्थापित



कर मुनाफा भी कमाना शुरू कर दिया है। नई शिक्षा नीति–2020 के प्रावधानों को दृष्टिगत रखते हुये राज्य सरकार ने वर्ष 2023 में प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में देवभूमि उद्यमिता योजना शुरू की। जिसका मकसद राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को स्टार्टअप और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाना था। योजना के तहत 124 उच्च शिक्षण संस्थानों में देवभूमि उद्यमिता केन्द्र स्थापित किये गये, जिनके माध्यम से छात्र–छात्राओं में व्यावसायिक सोच विकसित कर उनमें बिजनेस आइडिया और बाजार से जुड़ने से संबंधित जरूरी कौशल दिया जा रहा है। इसके अलावा युवाओं को प्रशिक्षण के साथ–साथ व्यवसाय शुरू करने के लिये सीड फंडिंग भी की जा रही है। पिछले दो वर्षों में योजना के तहत अबतक 26247 छात्र–छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया है। इनमें से 14260 ने दो दिवसीय बूट कम्पों में भाग लिया, जबकि 8721 युवाओं ने 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपनी किस्मत खुद लिखने की चाह रखने वाले 965 छात्रों ने अपने उद्यम स्थापित किये। जिनमें से 303 उद्यम खूब मुनाफा कमा रहे हैं। इतना ही नहीं इन उद्यमों के 25 ऐसे उत्पाद हैं जो अमेजन, फ्लिपकार्ट और मीशो जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्म पर खूब बिक रहे हैं। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण वाले 60 उद्यमों के एफएसएसएआई लाइसेंस बन गये हैं और 30 से अधिक लाइसेंस बनने की प्रक्रिया में है। जबकि 8 उद्यमों ने ट्रेडमार्क लाइसेंस के लिये अवेदन किया है। प्रदेश में देवभूमि उद्यमिता योजना युवा सपनों की तासीर बदलने में कामयाब हो रही है, और छात्र–छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और रोजगार सृजन की काबलियत पैदा कर रही है। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत प्रत्येक वर्ष 20 छात्र–छात्राओं को उनके बिजनेस आइडिया के लिये सीड फंडिंग की व्यवस्था है। जिसमें 20 छात्रों को उनके नवाचार आधारित स्टार्टअप को 75 हजार की धनराशि सीट फंड के तहत प्रदान की जायेगी।

18 June 2025_Copy of Layout 1 6/18/2025 1:11 PM Page 4



# भूमि फर्जीवाड़े की शिकार पुलमा देवी की पीड़ा से द्रवित हुए जिलाधिकारी, बैठाई एसआईटी जांच

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार को ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 118 शिकायत प्राप्त हुई। अधिकतर शिकायत भूमि, अतिक्रमण से सम्बन्धित प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने भूमि अतिक्रमण, कब्जे, सीमांकन की शिकायतों पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्धारित समयान्तर्गत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करें तथा भूमि को कब्जामुक्त करने की कार्यवाही करें।



जिलाधिकारी समस्याएं सुनते हुए।

चन्दर रोड निवासी बिना शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी लगभग 05 बीघा भूमि है, जिसपर उनका 1940 मालिकाना हक है। किन्तु नगर निगम ने उनकी सम्पति अतिक्रमण दिखाकर भवन तोड़ा गया तथा भूमि पर नगर निगम ने तारबाड़ कर दी है, जिस पर डीएम ने नगर निगम के अधिकारियों 18 जून तक निस्तारण करने के निर्देश दिए तथा सम्बन्धित के नुकसान की भरपाई नगर निगम के अधिकारियों को दिए। जनता दर्शन में शास्त्रीनगर तपोवन निवासी फरियादी पुलमा देवी ने डीलर्स से ऋषिकेश में 2007 भूमि क्रय कि थी जिसकी रजिस्ट्री भी है, जो आवासीय भूमि टिहरी विस्थापित को आंवटित की गई थी, वर्ष 2020 में भूमि स्वामी द्वारा वही भूमि किसी अन्य को विक्रय कर दी। डीएम ने एसडीएम ऋषिकेश की अध्यक्षता में समिति बनाई तथा प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट को निर्देशित किया कि समति से प्राप्त रिपोर्ट एसआईटी लैण्डफ्राड को प्रेषित करें। जनता दर्शन में ग्राम सोसा विकासनगर निवासी बजुर्ग फरियादी जनक सिंह अपनी शिकायत में डीएम को बताया कि उनके द्वारा 1 लाख का ऋण लिया था तथा मार्च 2025 तक 1.75 लाख जमा कर दिए गए हैं, किन्तु बैंक वाले नो डयूज का प्रमाण पत्र नही दे रहें, जिस पर डीएम ने ए आर कॉपरेटिव को तलब करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा एक सप्ताह के भीतर सर्टीफिकेट जारी करने के निर्देश दिए। दून मार्डन हाईस्कूल तुन्तोवाला में 22 वर्षों से अध्यापन का कार्य कर रही आशा जखमोला को षडयंत्र कर नौकरी से निकाल दिया। जिस पर डीएम ने अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व सहित जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

महिपाल कृषाली ने जिलाधिकारी को सम्बोधित अपने शिकायती पत्र में बताया कि तहसील सदर अन्तर्गत चल रही फर्जी स्थाई प्रमाण पत्र की जांच कर शीघ्र कराई जाए ताकि नर्सिंग भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को नौकरी का अवसर मिल सके।

## मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न विकास योजनाओं की वित्तीय स्वीकृति

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य योजना के तहत पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खंड पाबो में तुगडुण्डा भैंसवाडा मोटर मार्ग का सुदृढीकरण एवं डामरीकरण के कार्य हेतु 344.98 लाख, जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के विकासखण्ड गैरसैण में मालकोट कालीमाटी सेरा तिवाखर्क मोटर मार्ग में रागगंगा नदी के ऊपर 48 मी० स्पान स्टील गर्डर सेतु का निर्माण कार्य हेतु 512.46 लाख, जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के निगम नाला वाला मार्ग का पी०सी० द्वारा पुनर्निर्माण कार्य एवं सोबन राम के घर से सुरेश भट्ट के घर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य हेतु 183.47 लाख, विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट में चौडमन्या– कमतोली मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य हेतु रू0 528.91 लाख की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य में अग्निशमन सेवाओं का विस्तार एवं आधुनिकीकरण हेतु 23.667 करोड़ व्यय हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

# टॉपर्स को मिलेगा विशेष सम्मान, सीएम के निर्देश पर बनेंगे एक दिन के डीएम और एसपी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए दो महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी टॉपर्स को एक दिन के लिए सांकेतिक जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की भूमिका दी जाएगी। इस प्रेरणादायी कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी छात्रों को प्रशासनिक अनुभव देना, उनमें आत्मविश्वास जगाना और उच्च लक्ष्य की ओर प्रेरित करना है। यह योजना जल्द ही जिलों में लागू की जाएगी और इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 'नदी उत्सव' आयोजित करने के निर्देश भी दिए हैं। राज्य की प्रमुख नदियों के नाम पर यह उत्सव जनसहभागिता के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य नदियों की सफाई, स्वच्छता, पुनर्जीवन और संरक्षण को जन अभियान का रूप देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नदियां केवल जलस्रोत ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवनशैली का हिस्सा हैं। 'नदी उत्सव' के माध्यम से आम जन को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। धामी सरकार की यह पहल न केवल मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की ओर भी एक सशक्त प्रयास है।

# गर्जिया मंदिर जा रहे परिवार का टेंपो पलटा, 14 लोग घायल

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रामनगर में मंगलवार को गर्जिया माता मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं का टेंपो बेकाबू होकर पलट गया। इस हादसे में 14 श्रद्धालुओं के घायल होने की खबर है। घायलों को पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।



घायल को ले जाते हुए।

मिली जानकारी के अनुसार हादसे में घायल हुए लोग एक ही परिवार के हैं, जो यूपी के मुरादाबाद जिले के रहने वाले हैं। पूरा परिवार रामनगर गर्जिया माता के दर्शन करने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया. हादसा मंदिर से थोड़ा पहले ही तीखे मोड़ पर हुआ।

बताया जा रहा है कि तीखे मोड़ पर ड्राइवर टेंपो को काबू नहीं कर पाया और टेंपो बेकाबू होकर अचानक पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को टेंपो से बाहर निकाला और तुरंत 108 एम्बुलेंस की मदद से रामनगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया। घायलों में पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। हादसे में घायल श्रद्धालु विशाल ठाकुर ने बताया कि टेंपो में क्षमता से अधिक लोग सवार थे और वाहन की रफ्तार भी अधिक थी, जिस कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने प्रशासन से मांग है कि ऐसे वाहनों की नियमित जांच की जाए।

# हरिद्वार में भूमि घोटाले के बाद अब पीएम कृषि सिंचाई योजना में घोटाला, आरटीआई में हुआ खुलासा

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले के लक्सर और बहादराबाद ब्लॉक के 32 किसानों के नाम पर पीएम सिंचाई योजना में 27.65 लाख रुपए की अनियमितता का मामला सामने आया है। इसका खुलासा आरटीआई यानी सूचना के अधिकार (आरटीआई) में हुआ है। उद्यान विभाग के अधिकारियों पर फर्जी दस्तावेजों से सरकारी पैसा हड़पने का आरोप लगा है। अब शिकायतकर्ता ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर एसआईटी जांच की मांग की है।



दरअसल, शिकायतकर्ता आरटीआई कार्यकर्ता फैजान अंसारी ने लक्सर उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल को एक शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने बताया है कि लक्सर और बहादराबाद ब्लॉक में 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई, माइक्रोड्रिप व स्प्रिंकलर इरीगेशन के नाम पर घोटाला किया गया है। फैजान अंसारी ने आरोप लगाया है कि योजना के तहत जिन किसानों को लाभ दिया गया, उनकी जमीन पर कोई काम नहीं हुआ, फिर भी सरकारी रिकॉर्ड में लाभांश दिखाकर बड़ी रकम निकाल ली गई है। शिकायत में बताया गया कि कुल 32 लाभार्थियों के नाम पर 27,65,004 (सत्ताईस लाख पैंसठ हजार चार रुपए) की सरकारी धनराशि का गबन किया गया है। इन लाभार्थियों में से ज्यादातर को योजना की जानकारी तक नहीं है। जिनके नाम पर भुगतान दिखाया गया, उनके खेतों में कोई माइक्रोड्रिप या स्प्रिंकलर सिस्टम नहीं लगाया गया है। कुछ लाभार्थियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनसे कोई सहमति नहीं ली गई और उनके नाम से फर्जी शपथ पत्र तक तैयार कर फर्जी हस्ताक्षर दिखाए गए हैं। शिकायत में ये भी कहा गया है कि उद्यान अधिकारी और ब्लॉक स्तर के कर्मचारियों ने योजनाओं की सफलता दर्शाने के लिए किसानों के फर्जी फोटो एवं लोकेशन दिखाकर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज की। मौके पर कोई काम नहीं हुआ है। इतना ही नहीं एक लाभार्थी मदनपाल के नाम पर 87,657 और 1,53,140 का भुगतान दिखाकर फर्जी हस्ताक्षर व रजिस्ट्रेशन के कागज लगाए गए। जबकि, लाभार्थी ने किसी भी प्रकार के दस्तावेज पर हस्ताक्षर न किए जाने की पुष्टि की है।

18 June 2025_Copy of Layout 1 6/18/2025 1:11 PM Page 5



# टांडा के जंगल में मृत मिले भोगेन्द्र की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, एस0पी0 सिटी ने किया खुलासा

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** 'घटना का संक्षिप्त विवरणरूद' दिनांक 11.06.2025 को कोतवाली हल्द्वानी पुलिस को सूचना मिली कि एक अज्ञात शव टांडा के जंगल में बरामद हुआ है, पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण कर शव की शिनाख्त कार्यवाही की गयी।

काफी पूछताछ व प्रचारदृप्रसार के उपरान्त शव की शिनाख्त भोगेन्द्र सिंह निवासी गढगंगा गढमुक्तेश्वर ग्राम– साहपुर थाना ध् पोस्ट गढमुक्तेश्वर जिला हापुड ,हाल निवासी कृष्णा ग्रीन्स कॉलौनी ,गंगापुर रोड वार्ड न0–1 नियर पाथ शिखर स्कूल रूद्रपुर जिला उधमसिंह नगर के रूप में उसके पुत्र करन चौहान द्वारा की गयी । शव के सिर पर गहरी चोट के निशान की संदिग्धता होने पर वादी करन चौहान द्वारा दिनांक 13.06.2025 को कोतवाली हल्द्वानी में आकर तहरीर दी कि उसके पिता भोगेन्द्र सिंह



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

चौहान की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या की गयी है। जिस संबंध में थाना हल्द्वानी पर एफआईआर न0 188ध्2025 धारा 103(1)ध्238 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। प्रहलाद नारायण मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित प्राधिकारियों को घटना के खुलासा करने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी करने के सख्त निर्देश दिये गये । जिस क्रम में प्रकाश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी व नितिन लोहनी क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी के पर्यवेक्षण तथा राजेश कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी के नेतृत्व में अज्ञात व संदिग्ध्यों की तलाश हेतु दिनांक– 13.06.2025 को पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से जुडे सभी सीसीटीवी चौक किये गये तथा संदिग्धों से पूछताछ व मुखबिर मामूर कर काफी प्रयासों के उपरान्त दिनांक 16.06.2025 को मृतक भोगेन्द्र सिंह चौहान उपरोक्त की हत्या में शामिल तीन आरोपियों को जुतियालखत्ता टांण्डा जंगल गुलरभोज रोड में नादिया धाम मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या हेतु प्रयुक्त डण्डा भी बरामद कर लिया गया है। 'अभियुक्तगणों से पूछताछ' करने पर 'मुख्य अभियुक्त बालम सिंह विष्ट' द्वारा बताया गया कि मृतक भोगेन्द्र सिंह चौहान से मेरा पैसों का लेनदेन था। उसे भोगेन्द्र सिंह को पैसे न देने पडे इसलिये अभियुक्त ने हरीश व उमेश को पैसो का लालच देकर हत्या की यह घटना की गयी। अभियुक्तगणों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त किये गये लकड़ी का डण्डा, व अन्य वस्तु भी बरामद करायी गयी।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत गिरी, दो मजदूर दबे

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय हल्द्वानी के मुखानी थाना क्षेत्र के फतेहपुर में निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत गिर गई। बताया जा रहा है कि इस हादसे में मलबे के नीचे दो मजदूर दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए घटना पहुंची।

हल्द्वानी सिटी एसपी प्रकाश चंद्र ने बताया कि यहां पर एक शॉपिंग कॉम्पलेक्स बन रहा था, जिसका कुछ दिनों पहले ही लेंटर डाला गया था। आज लेंटर खोलने के दौरान जैसे ही शटरिंग हटाई गई, तभी छत नीचे गिर गई। छत से गिरे मलबे के नीचे दो मजदूर दब गए थे, जिनका पुलिस और अग्निशमन की टीम ने रेस्क्यू किया। दोनों मजदूरों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. दोनों मजदूर खतरे से बाहर हैं।

घायल मजदूर यूपी के बरेली के रहने वाले हैं। इनके नाम जाहिद व इकराम हैं। पूरी घटना की जांच जिला प्रशासन को दी गई है। जिला प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है।

## ग्राफिक एरा हॉस्पिटल और नव गंगा जन कल्याण समिति की ओर से 20 जून को निशुल्क चिकित्सा शिविर

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से, ग्राफिक एरा हॉस्पिटल, देहरादून और नव गंगा जन कल्याण समिति, जोशीमठ द्वारा संयुक्त रूप से 20 जून को एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर राजकीय इंटर कॉलेज, जोशीमठ में आयोजित किया जाएगा।

समिति के संयोजक, हरीश भंडारी ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में ग्राफिक एरा हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम जोशीमठ पहुँचेगी। इस टीम में सामान्य एवं आंतरिक रोग, हृदय रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग और बाल रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे। सभी परामर्श निशुल्क प्रदान किये जाएंगे। नव गंगा जन कल्याण समिति के संरक्षक, शैलेन्द्र सिंह पंवार ने जानकारी दी कि जनवरी 2025 में गठित यह समिति निरंतर क्षेत्र में चिकित्सा शिविरों पर कार्य कर रही है। इससे पहले, 30 मार्च को बड़गाँव गाँव में ओएनजीसी के सहयोग से एक मेडिकल कैंप लगाया गया था। जिसमें सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया था।

समिति के उपाध्यक्ष, रजनीश पंवार ने बताया कि इस मेडिकल कैंप की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि ग्राफिक एरा हॉस्पिटल द्वारा मरीजों के लिए निशुल्क वाहन की व्यवस्था की गई है। जिन मरीजों को गंभीर बीमारी होगी, उन्हें अस्पताल के डॉक्टर द्वारा उसी दिन देहरादून रेफर किया जाएगा।

## फ्योंली देगी बच्चों के सपनों को उड़ान पर पुस्तिका का हुआ निर्माण

**गौचर / चमोली। (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली गौचर जनपद के विद्यालयों में पांचवी कक्षा में पढ़ने वाले नौनिहालों के सपनों को उड़ान देगा इसके लिए संस्थान द्वारा मार्गदर्शन पुस्तिका फ्योंली का निर्माण किया गया है, सब कुछ नियत रहा तो जुलाई द्वितीय सप्ताह तक बच्चों के पास यह पुस्तिका उपलब्ध होगी।



जनपद में प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में बच्चों को सहायता प्रदान करने तथा जनपद में प्रतियोगितात्मक वातावरण का सृजन करने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली गौचर द्वारा 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें जनपद के प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों दिनेश बधानी, आलोक रंजन, पंकज सती, नरेंद्र सिंह कुंवर, रजनी नेगी, विजय वल्लभ चमोली, मनोज कुमार, रेखा नेगी, जसवंत सिंह नेगी, नंदकिशोर मिश्रा, वैभव शर्मा, महावीर गौड़, शशि कंडवाल, अनूप रावत, दर्शन सिंह रावत द्वारा प्रतिभाग किया गया था। विगत वर्ष भी संस्थान द्वारा परामर्श पुस्तिका का निर्माण किया था लेकिन इस बार इसमें संवर्धन एवं संशोधन करते हुए बहुत से अभिनव एवं नवाचारी पहल किये गए हैं इसके तहत राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय कपकोट बागेश्वर जहां से प्रदेश में सर्वाधिक विद्यार्थियों का चयन हर वर्ष इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए होता है विद्यालय का भी मार्गदर्शन एवं परामर्श लिया गया है।

# बमोथ में चौथे दिन की हुई रामलीला में केवट - राम संवाद की लीला दर्शकों के मन में खूब भाई

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड पोखरी की ग्राम पंचायत बमोथ में 13 जून से शुरू हुई रामलीला के चौथे दिन की रामलीला मंचन में भगवान श्री राम वनवास के लिए निकल चुके हैं। सोमवार रात वन गमन और श्री राम का तमसा नदी पार करने के लिऐ केवट से हुआ संवाद की लीला मंचन दर्शकों को खूब पसंद आयी। लीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह बर्त्वाल ने किया।



सोमवार रात के दृश्य में राजा दशरथ का अपने मंत्रियों के साथ विचार विमर्श कर अपनी अवस्था को देखते हुऐ राम को राजा बना कर स्वयं वानप्रस्थ आश्रम में जाने की घोषणा का दृश्य प्रस्तुत किया गया। दशरथ की इस घोषणा को अयोध्यावासियों सहित सभी ने सुना तो मंथरा का मन भ्रमित हो गया। इसके बाद मंथरा ने कैकेई को भरमा कर कोप भवन में चले जाने और राजा दशरथ से अपने दो वरदान पहला भरत को अयोध्या का राजा और दूसरे में राम को 14 वर्ष का वनवास की याद दिलायी। कैकेई की यह मांग सुनकर राजा दशरथ मुर्छित हो जाते हैं। तथा कैकेई राम व लक्ष्मण को बुलाकर वन जाने का आदेश देती है। राम, लक्ष्मण और माता सीता वन जाने की जब तैयारी करने लगते हैं। राजसी वस्त्र उतारकर वनवासी वेश का दृश्य को देखकर सभी श्रोताओं की आंखें भर आती है। वहीं दूसरी ओर राम के वन जाने के शोक में राजा दशरथ अपना प्राण त्याग देते हैं। गुरु वशिष्ठ के निर्देशानुसार ननिहाल से भरत और शत्रुघ्न को बुलाया जाता है। अयोध्या की स्थिति देखकर माता कैकेई को खूब खरी–खोटी सुनाते हैं। और पूरी अयोध्या की जनता और मंत्रीगणों के साथ चित्रकोट की ओर भैय्या राम को वापस लाने के लिये चल देते हैं।

राम के पात्र में सुखवीर मल्ल, ीता – प्रियांशु भंडारी, लक्ष्मण – प्रांजल भट्ट, वशिष्ठ ध निषाद – प्रदीप लखेड़ा, केवट – जगमोहन भट्ट, दशरथ – अनिल बहुगुणा, कैकेई – विजय भट्ट, सुमन्त – धीरज नेगी, मंथरा – नागेन्द्र नेगी, कोशल्या – दीपक भंडारी, सुमित्रा – शिवांग मल्ल द्वारा बेहतरीन प्रस्तुतीकरण किया गया।

# जिलाधिकारी ने यूएसओएफ स्कीम के अंतर्गत लग रहे बीएसएनएल 4जी टावरों के प्रगति की समीक्षा की

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) स्कीम के अंतर्गत जनपद चमोली में डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने हेतु स्थापित किये जा रहे बीएसएनएल 4जी सैचूरेशन टावरों के प्रगति की जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने समीक्षा बैठक ली। यह बैठक जिलाधिकारी सभागार गोपेश्वर में आयोजित की गई। जिसमें स्कीम से जुड़े जूनियर टेलिकॉम अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक लेते जिलाधिकारी।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी हेतु प्रस्तावित बीएसएनएल 4जी सैचूरेशन मोबाइल टावरों की स्थापना कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि स्थल चयन, बिजली कनेक्शन, भूमि समन्वय और अन्य प्रशासनिक प्रक्रिया में यदि कोई अड़चन हो तो उसे तत्काल जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएं।उन्होंने कार्यदायी संस्था को शीघ्र ही टावर के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि बरसात से आयी आपदा के समय किसी भी गाँव की कनेक्टिविटी प्रभावित न हो। जूनियर टेलिकॉम अधिकारी ने जानकारी दी कि यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) के अंतर्गत जनपद चमोली में 10 साइट पर मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। जिनमें से अनसूया साइट, हडुंग लगा सेजी साइट, स्कंड साइट पर टावरों का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष पर कार्य प्रगति पर है। आगामी जुलाई माह तक इनमें से अधिकांश कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि गोणा चक धारकुमाला साइट, भ्यूडार साइट, द्रोणागिरी साइट और पेंग चकलाता साइट पर संकरे रास्ते के कारण साइट पर उपकरणों को ले जाने में कठिनाई हो रहीं है। जिस पर प्रशासन की मदद से कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह स्कीम डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और इसके सफल क्रियान्वयन से जनपद की डिजिटल पहुँच में अभूतपूर्व सुधार होगा। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र भ्रमण कर स्थल पर कार्यों की भौतिक प्रगति की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश,परियोजना निदेशक आंनद सिंह , सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से एवं दूरसंचार विभाग के प्रतिनिधि सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बागेश्वर में खड़िया खनन पर रोक जारी रहेगी

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले के कांडा तहसील सहित जिले के अन्य गांवों में हुए अवैध खड़िया खनन मामले की सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने खनन पर लगी रोक को नहीं हटाने का फैसला लिया है। इस मामले पर अगली सुनवाई 6 हफ्ते बाद होगी। बता दें कि बागेश्वर जिले में खड़िया के अवैध खनन मामले का उत्तराखंड हाईकोर्ट ने खुद संज्ञान लेकर जनहित याचिका दायर की थी।

वैसे कोर्ट ने खड़िया खनन से बने गड्ढों को भरने की अनुमति दे दी है। गड्ढों को भरते वक्त केंद्रीय भू–जल बोर्ड के अधिकारियों के सामने गड्ढों को जीओ टैगिंग भी की जायेगी, ताकि भविष्य में उन्हें खोलना पड़े तो वह टैगिंग उसी अवस्था में मिलनी चाहिए। गड्ढों को भरने का जो खर्चा आएगा, उसकी वसूली खनन स्वामी से वसूली जाए। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जो खनन सामग्री खानों में पड़ी है।

# खड़िया खनन पर रोक जारी, खानों में पड़ी सामग्री की होगी नीलामी

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले के कांडा तहसील सहित जिले के अन्य गांवों में हुए अवैध खड़िया खनन मामले की सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने खनन पर लगी रोक को नहीं हटाने का फैसला लिया है। इस मामले पर अगली सुनवाई 6 हफ्ते बाद होगी। बता दें कि बागेश्वर जिले में खड़िया के अवैध खनन मामले का उत्तराखंड हाईकोर्ट ने खुद संज्ञान लेकर जनहित याचिका दायर की थी।

वैसे कोर्ट ने खड़िया खनन से बने गड्ढों को भरने की अनुमति दे दी है। गड्ढों को भरते वक्त केंद्रीय भू–जल बोर्ड के अधिकारियों के सामने गड्ढों को जीओ टैगिंग भी की जायेगी, ताकि भविष्य में उन्हें खोलना पड़े तो वह टैगिंग उसी अवस्था में मिलनी चाहिए। गड्ढों को भरने का जो खर्चा आएगा, उसकी वसूली खनन स्वामी से वसूली जाए।

कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जो खनन सामग्री खानों में पड़ी है, उसकी नीलामी शेखर पाठक की अध्यक्षता में की जाए। उसके लिए टेंडर निकाला जाये. कोर्ट ने अल्मोड़ा की मैग्नेसाइट के मामले पर सुनवाई की, जिसमें कहा कि उन्होंने नियमों के तहत खनन किया है, जो रिपोर्ट आई है, वह भी उनके हित में है। उन्हें खनन के साथ–साथ ब्लास्टिंग की अनुमति दी जाये।

# जूडो प्रशिक्षु खिलाड़ी यौन उत्पीड़न मामले में हाईकोर्ट सख्त

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जूडो प्रशिक्षु खिलाड़ी के साथ यौन उत्पीड़न मामले में नैनीताल हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। मामले में 19 वर्षीय जूडो प्रशिक्षु खिलाड़ी ने मुरादाबाद निवासी कोच पर प्रशिक्षण के दौरान यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। आज मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन को नोटिस जारी कर शपथ पत्र पेश करने को कहा है।



## उतराखंड जूडो एसोसिएशन को नोटिस जारी

दरअसल, देहरादून निवासी एक महिला जूडो प्रक्षिशु खिलाड़ी ने नैनीताल हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। जिसमें उसने कहा है कि वो जूडो कराटे की नेशनल खिलाड़ी है। पिछले 7 साल से वो एक महिला ट्रेनर से देहरादून में प्रशिक्षण ले रही थी। साल 2024 में उसका चयन नेशनल खेलने के लिए भोपाल में हो रहे प्रशिक्षण के लिए हुआ। आरोप है कि महिला ट्रेनर ने उसे प्रशिक्षण के लिए भोपाल की बजाय मुरादाबाद के पुरुष कोच के पास भेज दिया। जो ट्रेनर के भी कोच रहे हैं।

याचिकाकर्ता का आरोप है कि प्रशिक्षण के दौरान 12 मार्च 2025 को कोच उसे अपने खेतों पर बने फार्म हाउस में ले गया। जहां उसने फार्म हाउस के गेट बंद कर दिए और मसाज करने के नाम पर यौन उत्पीड़न किया। मना करने पर नेशनल में न खेलने देने और करियर खराब करने की धमकी दी। साथ ही कहा कि वो भोपाल नहीं जाने देगा। जब वो खेलने के लिए गई तो उसकी मानसिक स्थिति खराब थी और वो गेम से बाहर हो गई। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि इस मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की जाए और दोषी को सजा दिलाई जाए। इस संबंध में पीड़िता ने देहरादून के रायपुर थाने बीती 28 अप्रैल 2025 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसे देहरादून पुलिस ने भोजपुर थाना (मुरादाबाद) ट्रांसफर कर दिया है।

# हल्द्वानी में संदिग्ध हालात में दो महिलाओं की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कोटाबाग और मोटाहल्दू क्षेत्र से दो अलग–अलग मामलों में दो महिलाओं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने महिलाओं के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। एक मामले में महिला ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। दूसरे मामले में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार कोटाबाग क्षेत्र की रहने वाली 41 वर्षीय महिला भावना सिंह ने शनिवार रात में संदिग्ध हालात में जानलेवा पदार्थ खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। वहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। भावना के भाई टीकम अधिकारी, निवासी नलनी मंगोली ने कोटाबाग थाने में तहरीर दी है। तहरीर में ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भावना के भाई ने कहा कि 20 वर्ष पूर्व भावना की शादी कोटाबाग निवासी व्यक्ति से हुई थी। शादी के बाद से ही भावना को पति और उसका बड़ा भाई मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देते थे। 13 जून की शाम को भी भावना के साथ मारपीट की गई। इसके अगले दिन 14 जून की रात पति के बड़े भाई ने मौसी को फोन कर बताया कि भावना ने जानलेवा पदार्थ खा लिया है। भावना के भाई ने हत्या का आरोप लगायारू टीकम का आरोप है कि भावना को ससुराल वालों ने उनकी बहन को जहर देकर मारा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कालाढूंगी थानाध्यक्ष ने बताया कि थानाध्यक्ष कालाढूंगी विजय मेहता एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी घटना लालकुआं कोतवाली क्षेत्र की है। मोटाहल्दू निवासी एक 35 वर्षीय महिला रिंकी देवी ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली। रिंकी की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी। शनिवार रात उसने अपने घर में आत्महत्या का प्रयास किया। परिवार वाले आनन फानन में महिला को डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल चौकी इंचार्ज ने बताया कि चौकी इंचार्ज, मेडिकल क्षेत्र भूपेंद्र मेहता एक महिला की एसटीएच में मौत का मामला सामने आया है। शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम करवाया गया है। जांच जारी है। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों मामलों में महिला उत्पीड़न और पारिवारिक तनाव की आशंका जताई जा रही है। दोनों मामलों में पुलिस की जांच जारी है। आरोपों में सत्यता पाए जाने पर पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी।

# सड़कें, जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी: गडकरी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** साल 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती आई है। इस दिशा में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया।



मोदी के नेतृत्व में इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि वर्ष 2014 से लेकर इन 11 वर्षों के दौरान इसे एक नया आयाम भी दिया है। पूर्ण हो चुके और बनने वाले दोनों प्रकार के राजमार्गों के निर्माण–ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे, लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी ला सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को 'विश्वगुरु' बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को साकार करने के लिए, हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिसकी बदौलत कृषि, सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा।

पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्स की लागत को 16 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9: पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे, और भारत को 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है।

बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई बौद्ध सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

इसके साथ ही, चार धाम स्थलों–बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री–पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गई है। केदारनाथ को जोड़ने के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। भारत में, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में, 'उड़ने वाली बसों' का सपना साकार होने की कगार पर है। इसमें हवा में उड़ने वाली बसें, फ्लैश–चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उड़ने वाली डबल–डेकर बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित उड़ने वाली बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर यातायात जाम की स्थायी समस्या को हल करने में महत्वपूर्ण होगा।

## उत्तराखंड से शुरू होगी राष्ट्रीय जनगणना

**नई दिल्ली।** देश में पहली बार जातीय डिजिटल जनगणना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। देश की 16वीं और आजादी के इतिहास में आठवीं जनगणना की खास बात यह है कि इस बार जनगणना में जाति के बारे में जानकारी ली जाएगी। जम्मू–कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल तथा लद्दाख क्षेत्र में बर्फबारी के कारण 6 महीने पहले जनगणना का काम शुरू किया जाएगा तथा इन राज्यों में जनगणना 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी जबकि देश के अन्य सभी राज्यों में 1 मार्च 2027 से यह जनगणना का काम शुरू होगा। जनगणना का काम दो चरणों में कराया जाएगा। पहले चरण में जनगणना कर्मियों द्वारा हर घर की आवासीय स्थिति संपत्ति एवं सुविधाओं की जानकारी ली जाएगी तथा दूसरे चरण में हर घर के व्यक्तियों की संख्या, लिंग, उनकी उम्र, आय के साधन, सामाजिक आर्थिक स्थिति की जानकारी एकत्रित की जाएगी। खास बात यह है कि पहली मर्तबा होगा कि जनगणना अधिकारियों द्वारा उनकी जाति भी पूछी जाएगी।

# आकर्षक लाभ से भरपूर विशेष प्रारंभिक-त्योहारी ऑफर की घोषणा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कार खरीदने की यात्रा में त्योहारी खुशियां शामिल करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सीमित अवधि के एक आकर्षक अभियान की घोषणा की है। अभी खरीदें, नवरात्रि में भुगतान करें अभियान इसके लोकप्रिय मॉडल, टोयोटा ग्लैंजा और अर्बन क्रूजर हाइराइडर पर लागू है।

विशेष रूप से तैयार की गई यह योजना टोयोटा फाइनेंशियल सर्विसेज (टीएफएस) के सहयोग से तैयार की गई है ताकि ग्राहकों को कार का स्वामित्व हासिल करने में बेजोड़ लचीलापन और सुविधा प्रदान की जा सके। नाम से ही स्पष्ट है कि यह योजना ईएमआई' से तीन महीने की मुक्ति प्रदान करती है। इससे ग्राहक आज ही अपना टोयोटा वाहन घर ले जा सकते हैं और इस साल के नवरात्रि के त्योहारी सीजन के आसपास अपनी ईएमआई का भुगतान शुरू कर सकते हैं। यह त्योहारी ऑफर भारत के उत्तरी भागों में सभी अधिकृत टोयोटा डीलरशिप पर उपलब्ध होगा और 30 जून, 2025 तक वैध है।

त्योहारी ऑफर के बारे में बात करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उत्तर क्षेत्र के मुख्य प्रतिनिधि, वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में हम मानते हैं कि कार का मालिक होना एक आनंददायक और तनाव–मुक्त अनुभव होना चाहिए, खासकर वह समय जो हमारे ग्राहकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं।

# पर्यटकों की आवाजाही से फूलों की घाटी हुई गुलजार

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी इन दिनों पर्यटकों की आवाजाही से गुलजार है। यहां 17 दिनों में घाटी के दीदार को 1812 पर्यटक पहुंच गए हैं। वहीं घाटी में बारिश होने से घाटी में फूलों के खिलने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी गत 1 जून को पर्यटकों की आवाजाही के लिए खोली गई। जिसके बाद यहां देशी और विदेशी पर्यटकों की आवाजाही अच्छी संख्या में हो रही है। नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान की एसडीओ सुमन ने बताया कि घाटी में आवाजाही शुरु होने के 17 दिनों में यहां 1812 देशी और विदेशी पर्यटक घाटी के दीदार के लिए पहुंच गए हैं। बताया कि जहां 1794 भारतीय पर्यटकों ने घाटी का दीदार किया है।



वहीं वर्तमान तक 18 विदेशी पर्यटक घाटी के दीदार के लिए पहुंचे हैं। कहा कि घाटी के दीदार के लिए पहुंच रहे पर्यटकों से नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान ने 3 लाख 43 हजार 250 की आय अर्जित कर ली है। उन्होंने कहा कि जहां घाटी में हो रही बारिश के चलते अब घाटी में अभी कुछ फूल खिलने लगे हैं। जबकि जुलाई से अगस्त के बीच घाटी फूलों से लकदक रहती है। ऐसे में घाटी के दीदार के लिए जुलाई से अगस्त के मध्य सर्वाधिक पर्यटक घाटी के दीदार के लिए पहुंचते हैं।

# रामनगर में खेत में गिरा मोटर पैराग्लाइडर, बाल-बाल बचे दो सवार, हल्की चोटें आई

**रामनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नैनीताल जनपद के रामनगर क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होने से बाल–बाल बच गया। रामनगर के छोई क्षेत्र में एक मोटर पैराग्लाइडर अचानक तकनीकी खराबी के चलते अनियंत्रित होकर एक खेत में जा गिरा। हादसे के समय पैराग्लाइडर में दो लोग सवार थे।

गनीमत रही कि दोनों की जान बच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा रविवार शाम करीब 5 बजे के आसपास हुआ। जब आसमान में उड़ रहा मोटर पैराग्लाइडर अचानक नीचे गिरने लगा और देखते ही देखते एक खेत में आकर गिरा। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य शुरू किया। पैराग्लाइडर में सवार दोनों लोग सुरक्षित हैं, हालांकि उन्हें हल्की फुल्की चोटें आई हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे की वजह तकनीकी खराबी मानी जा रही है। मौके पर मौजूद विशेषज्ञों ने बताया कि उड़ान के दौरान मोटर पैराग्लाइडर के इंजन में खराबी आ गई, जिसके चलते वह हवा में संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया। गौरतलब है कि रामनगर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के तहत पैराग्लाइडिंग और अन्य साहसिक खेलों का संचालन किया जाता है। छोई में भी पैराग्लाइडिंग कराई जाती है। हालांकि इस तरह की गतिविधियों में सुरक्षा मानकों का ध्यान न रखा जाना, बड़ा सवाल खड़ा करता है। फिलहाल, दोनों घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार दिया गया है और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप का माहौल बना रहा। गौरतलब है कि इन दिनों उत्तराखंड में हवाई दुर्घटनाओं के कारण हड़कंप मचा हुआ है। चारधाम यात्रा मार्ग पर 45 दिन में 5 हादसे हो चुके हैं। इन हादसों में 13 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। नैनीताल हाईकोर्ट तक चारधाम यात्रा मार्ग पर हो रहे विमान हादसों का संज्ञान ले चुका है। नैनीताल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने सोमवार को राज्य सरकार से पूछा था कि विमान हादसे क्यों हो रहे हैं।



मौके पर जमा लोग।

18 June 2025_Copy of Layout 1 6/18/2025 1:11 PM Page 8



# मंत्री जोशी ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के काबीना मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा के खेतवाला गांव में 16 लाख की लागत से बने बहुउददेशीय भवन, नौ हाईमास्ट सोलर लाइट, 25 सोलर लाईट व सीसीटीवी कैमरे का लोकार्पण व सीएसआर के तहत गांव में आठ करोड की लागत से होने वाले विकास कार्यों, जिसमें एक बहुउददेशीय भवन, 250 सोलर लाईट, स्वागत द्वार व सीसीटीवी कैमरा के कार्य का शिलान्यास किया।



विकास योजनाओं लोकार्पण व शिलान्यास करते मंत्री गणेश जोशी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के काबीना मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हमारी सरकार, जनता की सरकार जनता के द्वार की नीति से कार्य करती है, जिसके तहत ग्राम सभा चामासारी में तीन सामुदायिक भवन बनाये गये। जिसमें एक का लोकार्पण खेतवाला गांव में किया गया इस भवन के नीचे तीन और सेट बनाये गये है जिसमें एक आंगनवाड़ी को दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस भवन का लाभ गरीबों को शादियों व अन्य सामाजिक कार्य करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले इस गांव में सड़के नहीं थी व विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद गांव में करोड़ों के विकास कार्य किए गये, गांव तक सडक पहुंचायी, व बार्लोगज चामासारी सडक जो वर्ष 2004 से रूकी थी, उसका निर्माण कार्य शुरू करवाया। उन्होंने कहा कि चामासारी ग्राम सभा को आर्दश ग्राम सभा बनायेंगे, इसका संकल्प लिया है। उन्होंने आगामी पंचायत चुनावों पर कहा कि भाजपा चुनाव के लिए हर समय तैयार रहती है इससे पूर्व लोक सभा, नगर निगम, नगर निकाय चुनाव पूरे प्रदेश में जीते है, व पंचायत चुनाव में भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में चुनाव जीतेंगे।

मुबंई से आये भारत सीएसआर नेटवर्क के अध्यक्ष डा. साजिद सैयद ने कहा कि आठ करोड की राशि सीएसआर के माध्यम से विकास कार्य के लिए दिए गये है, जिसमें सामुदायिक भवन, गांव का गेट, सोलर लाइट आदि का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि अभी भारत के पांस राज्यों में कार्य किए है जिसमें गोवा, जम्मू कश्मीर, मिजोरम, नागालैंड व उत्तराखंड में विकास कार्य किए गये है, वहीं उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में उनके संस्थान से गांव के विकास के लिए मदद मांगी जायेगी उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने कहा कि उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की सेवा की भावना से कार्य करती है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार अपने स्तर से विकास कार्य करती है ऐसे में सीएसआर जैसी संस्थाओं के आने से विकास को और गति मिल जाती है। उन्होंने पंचायत चुनाव पर कहा कि जो पार्टी निरंतर जनता के बीच रहकर कार्य करती है उसे चुनाव में जाने के लिए कोई तैयारी नहीं करनी पड़ती, इस चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका रहेगी जो चुनाव में भी उतरेंगे व जितायेंगे भी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गांव के निवर्तमान प्रधान व भाजपा मसूरी मंडल के महामंत्री नरेंद्र मेलवान ने कहा कि खेतवाला में 16 लाख की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया है जिसमें पांच लाख विधायक निधि व 11 लाख मनरेगा से खर्च किया गया है।

## नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा हेली सेवा का संचालन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चार धाम यात्रा में नियम कानूनों को ताक पर रखकर हेली सेवाओं का संचालन किया जाना यात्रियों की जान पर भारी पड़ रहा है। 15 जून को गौरीकुंड के जंगलों में हुई हेली दुर्घटना जिसमें सात लोगों की जान चली गई, की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हेलीकॉप्टर के वाइपर काम नहीं कर रहे थे। धुंध व फाग के कारण विजिबिलिटी कम होने और वाइपर के काम न करने के कारण हेलीकॉप्टर पहाड़ी से टकराया और पलक झपकते ही सब खत्म हो गया।


वहीं दूसरी तरफ नियमों के अनुसार 6 बजे के बाद ही हेली सेवा शुरू होने की गाइडलाइन है। लेकिन यह हेलीकॉप्टर निर्धारित समय से पूर्व ही उड़ान पर निकल चुका था। अगर इन दोनों कारणों पर गौर किया जाए तो हेली सेवाओं के नियम कानूनो का अनुपालन तो हो ही नहीं रहा है इसके साथ ही उनकी उड़ान पूर्व फिटनेस जांच में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। उधर एक और अन्य बात जो सामने आई है वह मौसम विभाग की चेतावनी को अनदेखा किया जाना। मौसम विभाग के डायरेक्टर डॉक्टर विक्रम सिंह का कहना है कि जब खराब मौसम का फोरकास्ट जारी किया गया था तब फिर हेली उड़ानों को रोका जाना चाहिए था उनका कहना है कि दुर्घटना किस कारण से हुई उन्हें नहीं पता लेकिन मौसम के खराब रहने को लेकर 12 घंटे पहले ही चेतावनी जारी की जा चुकी थी।

## कांग्रेस अध्यक्ष ने विमान हादसे पर दुख व्यक्त किया

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने गुजरात के अहमदाबाद में हुए हृदय विदारक हवाई जहाज हादसे पर गहरा दुःख जताया है। करन माहरा ने हवाई जहाज दुर्घटना में मारे गये लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस परिवार की ओर से दिवंगत आत्माओं के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। इस हादसे में जिन्होंने अपने परिजन खोये हैं उनके लिए यह असहनीय दुःख है हम उनके दुःख को बांट तो नहीं सकते परन्तु इस दुःख की घड़ी में उनके साथ हैं।

## बस और लोडर की टक्कर में तीन लोगों की मौत, 14 घायल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पछवादून में सोमवार सुबह एक यात्री बस और लोडर वाहन की जोरदार टक्कर हो जाने से जहां तीन लोगों की मौत हो गयी, वहीं 14 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से मृतको व घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलो की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उन्हे हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह एक यात्री बस देहरादून से विकासनगर की ओर जा रही थी। इस दौरान जब बस सेलाकुई क्षेत्रांर्तगत शेरपुर गांव के निकट पहुंची तो अचानक एक लोडर वाहन सामने आ गया। जिससे दोनो वाहन अनियन्त्रित होकर आपस में टकरा गये। स्थानीय लोगों का कहना है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनो वाहनों के परखच्चे उड़ गये। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि 14 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से तीनो मृतकों व घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उन्हे हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया है। वहीं मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं सड़क हादसे के बाद विकासनगर रोड पर जाम लग गया। पुलिस ने दोनो वाहनों को हटवाया और अपने कब्जे में ले लिया। वहीं मृतकों के परिजनो को सूचना मिली तो उनके घरों में कोहराम मच गया। पुलिस अब हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगो का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार के कारण हादसे होते रहते है जिन्हे रोकने के लिए प्रशासन कार्यवाही नहीं करता है।

## न्यूज डायरी

### हल्दूचौड़ में योग दिवस से पूर्व योगासन शिविर हुआ शुरू



**लालकुआं।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 5 दिन पूर्व गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ में शांतिकुंज हरिद्वार से आई योगाचार्य छात्राओं द्वारा क्षेत्र वासियों को योगासन का प्रशिक्षण दिया गया। यहां गायत्री शक्तिपीठ हल्दुचौड़ के प्रबंधक पंडित बसंत बल्लभ पांडे के अनुसार आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 5 दिन पूर्व से ही गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से स्नातक छात्राओं द्वारा स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त योग शिविर आज शाम 5रू30 बजे से 6रू45 बजे तक चलता रहा इसी प्रकार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जून तक गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ में चलेगा। शिविर में स्थानीय मातृशक्ति एवं अन्य लोग बढ़–चढ़कर शिरकत कर रहे हैं।

पेज 01 का शेष...

### साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए केंद्र से 63.60 करोड़ का सीएम ने किया अनुरोध

इस उपलब्धि को राज्य के लिए गर्व का विषय बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराया कि इसे उत्सव के रूप में मनाते हुए 'उत्तराखण्ड निवेश उत्सव' का आयोजन प्रस्तावित है, जिसे पंतनगर–रुद्रपुर के औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री के सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'नए भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार का निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग राज्य के विकास को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19